अंडरग्राउंड टनल 'टनाटन'!

● महालक्ष्मी से मुंबई सेंट्रल तक का काम पूरा

■ कोलाबा से सीप्ज डाउन लाइन हुआ पूरा
■ मेट्रो-३ का ४१वां चरण हुआ समाप्त

सामना संवाददाता / मुंबई

मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन कुलाबा-बांद्रा-सीप्झ मेट्रो-३ अंडरग्राउंड टनल का निर्माण कार्य काफी तेज गति से कर रही है। हाल ही में महालक्ष्मी से मुंबई सेंट्रल के बीच अंडरग्राउंड टनल का काम 'टनाटन' अर्थात पूरा हो गया है। इसी के साथ ही कोलाबा से सीप्झ तक डाउन लाइन के मेट्रो टनल का निर्माण कार्य भी पूरा हो गया है। इस के साथ ही मेट्रो-३ का ४१वां चरण समाप्त हो गया है।

तनासा-२ नामक रॉबिंस निर्मित टनल बोरिंग मशीन ने महालक्ष्मी मेट्रो स्टेशन से मुंबई सेंट्रल मेट्रो स्टेशन के बीच ८३२.५ मीटर डाउन लाइन टनल का काम २६३ दिनों में पूरा किया। इस टनल निर्माण के दौरान ५५५ रिंग्स का उपयोग किया गया। कुलाबा से सीप्झ तक मेट्रो-३ कॉरिडोर का सारा डाउन लाइन टनल का काम पूरा होने पर हमें बहुत खुशी हो रही है। टनल निर्माण का अब केवल एक ही चरण रह गया है। जल्द ही इसे भी पूरा कर लिया जाएगा। यह जानकारी एस.वी.आर. श्रीनिवासन ने दी। मेट्रो-३ कॉरिडोर के पैकेज तीन में कुल पांच स्टेशन होने के साथ ही ये कॉरिडोर सबसे लंबा है। इसमें मुंबई सेंट्रल, महालक्ष्मी, साइंस म्यूजियम, आचार्य अत्रे चौक और वरली मेट्रो स्टेशन का समावेश है। अब तक इस पैकेज के अंतर्गत पांच टनल का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।